दिनांक 30.12.2020 को आयोजित राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान की 147वीं बैठक के कार्यवृत्त

कोरोना वायरस (COVID-19) के संक्रमण के रोकथाम की कार्यवाही के चलते राजस्थान सरकार द्वारा प्रदेश में किसी भी जगह पर 100 अथवा इससे अधिक लोगों के एकत्रित होने पर प्रतिबंध होने के कारण सितंबर, 2020 तिमाही की राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान की 147वीं बैठक का आयोजन वीडियो कोन्फ्रेंस के माध्यम से करने का सर्वसम्मति से स्टियरिंग समिति में निर्णय लिया गया ताकि भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों की अनुपालना की जा सकें।

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान की 147वीं बैठक श्री विक्रमादित्य सिंह खीची, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ बड़ौदा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में श्री कुंजीलाल मीना, प्रमुख शासन सचिव, कृषि एवं उद्यानिकी, राजस्थान सरकार, श्री अशोक कुमार डोगरा, निदेशक, वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, डॉ. ओम प्रकाश, आयुक्त, कृषि, राजस्थान सरकार, श्रीमती शुचि त्यागी, राज्य मिशन निदेशक, एलपी & एसएचजी, राजस्थान सरकार, श्रीमती रश्मि गुप्ता, आयुक्त, महिला अधिकारिता एवं बाल विकास विभाग, राजस्थान सरकार, श्री अरुण कुमार सिंह, क्षेत्रीय निदेशक, रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया, श्री जयदीप श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड, श्री महेंद्र सिंह महनोत, संयोजक राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान एवं महाप्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा तथा राज्य सरकार एवं भारत सरकार के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण, भारतीय रिजर्व बैंक, नाबार्ड, सिडबी, विभिन्न बैंकों, बीमा कम्पनियों व वित्तीय संस्थाओं के कार्यपालकों/ अधिकारियों द्वारा सहभागिता की गयी. **(संलग्न सूची के अनुसार)**

संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान ने सर्वप्रथम समिति के अध्यक्ष, मंचासीन गणमान्य सदस्यों एवं उपस्थित अन्य सभी सदस्यों का स्वागत किया । उन्होने एस.एल.बी.सी. एवं सभी हितग्राहियों के द्वारा राजस्थान के विकास में महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की एवं कोरोना महामारी के कारण एसएलबीसी की सितंबर 2020 की तिमाही बैठक वीडियो कोन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित किए जाने में सभी हितग्राहियों के सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया।

उन्होने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी अग्रणी बैंक योजनाओं के सुधार (Revamp) के निर्देशों की अनुपालना में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान द्वारा सितंबर, 2020 त्रैमासिक में विभिन्न उप समितियों की बैठक भी आयोजित की गयी एवं स्टियरिंग समिति की ग्यारहवीं बैठक का आयोजन दिनांक 18.12.2020 को किया गया उक्त बैठक में विभिन्न हितधारकों द्वारा प्रस्तावित कार्यसूची एवं नीतिगत मुद्दों पर विचार विमर्श कर राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 147वीं बैठक के लिए संक्षिप्त एवं सुगठित कार्यसूची को तैयार किया गया हैं।

राजस्थान के विकास में महत्वपूर्ण योगदान के लिए एसएलबीसी के समस्त हितग्राहियों को धन्यवाद प्रदान किया। साथ ही सभी बैंकों से वर्तमान वित्तीय वर्ष में नयी ऊर्जा, प्रतिबद्धता एवं राज्य व केंद्र सरकार के समन्वय के साथ समस्त पैरामीटर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए अनुरोध किया. तत्पश्चात उन्होने समिति के अध्यक्ष महोदय को उद्बोधन हेतु अनुरोध किया।

श्री विक्रमादित्य सिंह खीची, कार्यकारी निदेशक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने बैठक में उपस्थित गणमान्य सदस्यों एवं सदस्य बैंकों, वित्तीय संस्थानों और अन्य हितधारकों के अधिकारियों, राज्य और केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों का स्वागत किया तथा अपने उद्बोधन में एस.एल.बी.सी. एवं सभी हितग्राहियों के द्वारा राजस्थान के विकास में महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की. उन्होने बताया कि राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के सम्माननीय मंच पर राज्य सरकार और वरिष्ठ बैंकर्स के साथ उपस्थित होकर विचार साझा करने में अत्यंत खुशी का अनुभव हो रहा है।

उन्होने बताया कि कोविड-19 महामारी से प्रभावित अर्थव्यवस्था को उभारने एवं देश को प्रगति के पथ पर अग्रसर करने के लिए बैंक और अन्य वित्तीय संस्थाएं सबसे आगे हैं. COVID-19 महामारी के इस कठिन समय में अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने एवं भारत सरकार के आर्थिक पैकेज का लाभ व्यक्तियों व उद्योगों तक बैंको के माध्यम से पहुँचाया गया ताकि कोविड महामारी के दौरान हुए दुष्भाव को कम किया जा सकें. COVID-19 महामारी से कई बैंकर्स साथी भी प्रभावित हुए शाखाओ व कार्यालयो में अधिकारियों की संख्या भी कम रही उसके बावजूद भी ग्राहको को बैंकिंग सुविधा में कोई समस्या का सामना नहीं करना पड़ा जिसके लिए मैं राज्य के प्रत्येक बैंक अधिकारी/कर्मचारी को धन्यवाद देता हूँ. ऐसे मुश्किल समय में बैंकिंग संस्थानो का काम सराहनीय रहा हैं जो कि बेहद प्रशंसनीय हैं.

कोविड महामारी की विषम परिस्थिति को अवसर में बदलने के लिए वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने नवंबर, 2020 माह में Rs. 2.65 लाख करोड़ का आत्मनिर्भर भारत पैकेज 3.0 के तहत 12 योजनाओं की घोषणा की हैं जिसके तहत बैंको की अहम भुमिका रहेगी जिसके मुख्य उद्देशय इस प्रकार हैं:

- रोजगार सृजन में वृद्धि.
- भारत को विनिर्माण केंद्र में बदलना
- भारत में जीडीपी विकास को बढ़ावा देना.
- एमएसएमई, हेल्थकेयर, कंस्ट्रक्शन / इन्फ्रास्ट्रक्चर, रियल एस्टेट और अन्य स्ट्रेस्ड सेक्टरों की वसूली को बेहतर बनाना.
- कृषि क्षेत्र का समर्थन करना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना.

आत्मनिर्भर भारत पैकेज के तहत एवं महत्वपूर्ण बैंकिंग योजनाओं में राजस्थान में कार्यरत बैंकों ने अपना कार्यनिष्पादन बहुत ही शानदार तरीके से किया जिसके कुछ मुख्य बिन्दु सदन के समक्ष निम्नानुसार प्रस्तुत किए:-

Emergency Credit Line Guarantee Scheme (ECLGS) : आत्मनिर्भर भारत पैकेज 3.0 के अंतर्गत Emergency Credit Line Guarantee Scheme (ECLGS) योजना को दिनांक 31st March 2021 तक बढाए जाने का निर्णय लिया गया हैं। कामथ समिति द्वारा 50 करोड़ रुपए से अधिक के बकाया ऋण और 500 करोड़ रुपए तक के दायरे में आने वाले 26 संकटग्रस्त क्षेत्रों और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के निकायों को इसके अंतर्गत शामिल किया जाएगा। राज्य के बैंको ने Emergency Line of Credit Guarantee Scheme (ECLGS) के अंतर्गत दिनांक 11.12.2020 तक राज्य में 1.69 लाख एमएसएमई उद्यमियों को

रू 7,954 करोड़ की ECLGS के तहत राशि स्वीकृत (Sanction) की है एवं 1.07 लाख MSME उद्यमियों को रू 6,464 करोड़ की राशि वितरित (Disbursement) की है।

Pradhan Mantri Awas Yojana (PMAY): आत्मनिर्भर भारत पैकेज 3.0 में प्रधानमंत्री आवास योजना अर्बन (Urban) के लिए 18000 करोड़ का अतिरिक्त प्रावधान किया हैं. इससे देश के गरीबों को फायदा होगा. 78 लाख श्रमिकों से अधिक रोजगार के अवसर पैदा होंगे. बैंकर्स साथियों से निवेदन किया कि वे अधिक से अधिक ग्राहको को प्रधानमंत्री आवास योजना के गृह ऋण की सुविधा प्रदान करें.

Pradhan Mantri Kisan Urja Suraksha evam Utthaan Mahabhiyan (PM-KUSUM) Scheme: माननीय प्रधानमंत्री द्वारा महत्वकांक्षी योजना PM-KUSUM को लॉन्च किया गया हैं जिसका मुख्य उद्देश्य सौर ऊर्जा को बढावा प्रदान करना हैं. किसान सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर अपनी आय को बढा सकता हैं. राजस्थान राज्य की भौगोलिक स्थिति इस प्रकार हैं कि सौर ऊर्जा प्रर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं अत: सभी बैंकर्स से अनुरोध किया कि PM-KUSUM योजना की जानकारी किसानों को उपलब्ध करावें एवं उन्हें वित्त पोषण उपलब्ध करावे.

Pradhan Mantri Matsya Sampada (PMMSY) Yojana: देश में मछली पालन को बढावा देने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा मत्स्य संपदा योजना की शुरूआत की गई हैं. इस योजना के तहत बैंको से 3 लाख तक के ऋण की सुविधा किसानों के लिए उपलब्ध हैं एवं वर्ष 2022 तक किसानों कि आय को दुगना करने में योजना सहायक होगी. समस्त बैंकर्स साथियों से आग्रह किया कि इस योजना में किसानो को अधिक से अधिक लाभ पहूँचाए.

(PM-SVANidhi) पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना: वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना के तहत राजस्थान राज्य को 75,000 Street Vendors को लाभान्वित करने का लक्ष्य दिया है जिसके सापेक्ष दिनांक 21.12.2020 तक राज्य में इस योजना के तहत कुल 35,238 आवेदन पत्र स्वीकृत किए गए हैं जिनमे से 18,632 लाभार्थियों को राशि रू 18.51 करोड़ के ऋण वितरित किए जा चुके हैं. राज्य सरकार व बैंकों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि वह भी इस योजना का पूरे राज्य में व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करे व बैंकर्स साथी इस योजना में अधिक से अधिक ऋण प्रदान करें जिससे समाज के गरीब तबके के लोगो को लाभ मिल सके.

- हाल ही में वित्त मंत्रालय, वित्त विभाग, भारत सरकार ने Public Sector Banks (PSBs) की Doorstep Banking Services पहल को लॉन्च किया हैं. इससे Senior Citizens, Defence Personnel, Divyang individuals, Students, Salaried Employees जैसे ग्राहको के लिए अपने घर पर बैंकिंग सर्विसेज पाना आसान हो जाएगा. बैंकिंग सेवाएं जैसे Cash Withdrawal and Deposit, Cheque/DD/PO pick up, IT Challan इत्यादि सेवाएं ग्राहको के लिए उपलब्ध रहेगी. वित्त मंत्रालय के इस पहल में हम बैंकर्स के लिए ग्राहक सुविधा शीर्ष प्राथमिकता होनी चाहिए अत: बैंकर्स साथियो से इसमें पहल करने हेतु अनुरोध किया.

- **KCC Saturation Campaign:** आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत वर्तमान में राज्य में पीएम किसान लाभार्थियों एवं पशुपालक, मत्स्य पालक इत्यादि कों केसीसी प्रदान करने हेतु अभियान (01.06.2020 से 31.12.2020) चलाया जा रहा है। इस अभियान में राज्य में दिनांक 11.12.2020 तक 6.39 लाख कृषकों को राशि रू 15,297 करोड़ का फसली ऋण के रूप में केसीसी प्रदान किया गया है एवं 1.41 लाख दुग्ध उत्पादकों (Dairy Farmer) को राशि रु. 1278 करोड़ का कार्यशील पूंजी (Working Capital) के रूप में केसीसी ऋण प्रदान किया गया है।

- **Financing Facility Under Agriculture Infrastructure Fund (आधारभूत संरचना निधि)**: भारत सरकार ने Agriculture Infrastructure Fund के तहत एक लाख करोड़ रूपये की वित्तपोषण योजना का शुभारंभ किया है। इस योजना के अंतर्गत देश में फसलों की कटाई के उपरांत प्रबंधन (Management) हेतु आवश्यक आधारभूत संरचना (Basic Structure) का निर्माण अथवा संवर्धन (Enhancement) किया जायेगा. इस योजना के अंतर्गत 3 प्रतिशत का ब्याज अनुदान भी दिया जायेगा. इस योजना के तहत दिनांक 30.11.2020 तक राज्य में 118 आवेदन पत्र राशि 133 करोड के शाखाओं में प्राप्त हुए हैं जिनमे से 34 आवेदन पत्र में राशि 37 करोड स्वीकृत की गयी हैं. केन्द्र सरकार की कृषि आधारभूत संरचना निधि (AIF) एवं राजस्थान सरकार की कृषि प्रसंस्करण, कृषि व्यवसाय एवं कृषि निर्यात प्रोत्साहन नीति 2019 योजना के convergence होने से ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जा सकता हैं अत: बैंकर्स साथियों से अनुरोध किया कि अधिक से अधिक लोगो को इन योजनाओं के तहत लाभान्वित करें.

- राजस्थान राज्य में छोटे एवं मझोले उद्यमों की सरल स्थापना एवं राज्य के सभी वर्गों के व्यक्तियों को रोजगार के नये अवसर उपलब्ध कराने हेतु व महिला सशक्तिकरण को बढावा देने के लिए राजस्थान सरकार द्वारा मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना एवं इंदिरा महिला शक्ति प्रोत्साहन योजना को लॉन्च किया गया है. राजस्थान सरकार की इस पहल के लिए उनको तहे दिल से धन्यवाद दिया। साथ ही बैंकर्स साथियों से अनुरोध किया कि योजना के तहत अधिक से अधिक उद्यमियों को लाभ प्रदान करें.

अब, राज्य के महत्वपूर्ण बैंकिंग उपलब्धियां (Business Key Parameters) यथा Business Growth, Achievement against benchmark of Priority Sector & its Sub-Sectors etc. पर प्रकाश निम्नानुसार प्रकाश डाला:-

- दिनांक 04.12.2020 तक देश में बैंक क्रेडिट में 5.73% की वृद्धि हुई है जो कि अब 105 लाख करोड़ हैं व जमा में 11.34% की वृद्धि हुई है जो कि अब 146 लाख करोड़ हैं.
- सितम्बर 2020 के अंत में राज्य के सभी बैंकों का Total Business Rs. 8.44 लाख करोड़ के स्तर पर पहुंच गया जिसका Y-o-Y growth 11.51% हैं. बैंकों के Total Deposits Rs. 4.69 लाख करोड़ हैं and Y-o-Y growth 12.13% हैं और Outstanding Advances Rs. 3.75 लाख करोड़ है जिसका Y-o-Y growth 10.73% हैं. इस COVID 19 महामारी के समय बैंकों की शानदार उपलब्धि के लिए पुनः धन्यवाद प्रदान किया.

- राज्य का CD Ratio सितम्बर, 2020 में 81.87% हैं जो की RBI के बेंचमार्क से ऊपर है. प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के तहत अग्रिमों में 10.04% की Y-o-Y वृद्धि दर्ज की गई है और कृषि क्षेत्र और कमजोर वर्ग के लिए अग्रिम क्रमशः सितम्बर, 2020 तक 10.13% और 2.38% की Y-o-Y वृद्धि हुई है।

- **Annual Credit Plan:** एसएलबीसी राजस्थान ने (Annual Credit Plan) वार्षिक साख योजना वर्ष 2020-21 के लक्ष्य राशि रू 1.89 लाख करोड़ का Approve किया है जो कि गत वर्ष की उपलब्धि से 30.11% अधिक है। सितम्बर 2020 तिमाही की कुल लक्ष्यों के सापेक्ष उपलब्धि 45.26% है. COVID-19 महामारी को देखते हुए प्रगति को संतोष जनक कहा जा सकता है एवं इन बेंचमार्क के सापेक्ष उपलब्धियों की विस्तृत चर्चा बैठक के कार्यवाही बिन्दुओं के साथ करेंगे ।

इसके अलावा, मैं उन मुद्दों की ओर राजस्थान सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहूँगा जहाँ बैंकर्स को राज्य सरकार के समर्थन की आवश्यकता है:

- Rajasthan Agricultural Credit Operations (Removal of Difficulties) Act, 1974 (RACO-ROD Act) (राजस्थान कृषि ऋण परिचालन (कठिनाइयों को दूर करना) अधिनियम, 1974) के तहत राशि रू. 4273 करोड़ के 1.63 लाख प्रकरण वसूली हेतु लंबित हैं। उक्त प्रकरणों में से राशि रु. 2186 करोड़ के लगभग 1.12 लाख खाते एक वर्ष से अधिक समय से लंबित हैं। अत: राजस्थान सरकार से अनुरोध किया कि वह किसानों को कृषि ऋण के Fast Processing एवं बैंकों को प्रोत्साहित करने के लिए उक्त लंबित प्रकरणों को जल्द से जल्द निस्तारण के लिए राजस्व अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान करावे।
- SARFAESI अधिनियम के तहत दिनांक 30.09.2020 तक राशि रु. 211 करोड़ के 568 प्रकरण जिला प्राधिकरणों के समक्ष लंबित हैं, जिनमें से राशि रु. 195 करोड़ के 437 मामले 60 से अधिक दिनों से लंबित हैं अतः राज्य सरकार से अनुरोध किया कि समस्त जिला मजिस्ट्रेटस को निर्देशित करें कि SARFAESI अधिनियम के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करें।
- राजस्थान सरकार के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट "कृषि ऋण रहन पोर्टल" का प्रोजेक्ट झुंझुनु में लांच किया गया था तत्पशचात जयपुर जिलें में भी लॉन्च कर दिया गया है जिसके लिए राजस्थान सरकार एवं सभी बैंकों को तहे दिल से धन्यवाद दिया. इस पोर्टल से पूरे जिले के किसानों के समय की बचत हो रही है तथा आसानी से किसानों को ऋण प्राप्त हो रहा है।
- एसएलबीसी राजस्थान द्वारा 100% डिजिटाईजेशन के लिए करौली जिलें को चिन्हित किया है मेरा विश्वास है कि राजस्थान सरकार द्वारा कृषि ऋण रहन पोर्टल को महत्वाकांशी जिले (Aspiration District) करौली में प्राथमिकता के साथ लागू करते हुए पूरे राज्य में शीघ्र ही लागू कर दिया जायेगा ।
- उन्होने राजस्थान राज्य में उन सभी बैंक कर्मचारियों/अधिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होने COVID-19 की वजह से अपनी जान गवाई हैं और आज हमारे साथ नही हैं. SLBC, Rajasthan की ओर से इन मुश्किल समय में इन बैंकरो के परिजनों के प्रति हम अपनी हार्दिक सहानुभूति और एकजुटता व्यक्त की।

- इसके साथ ही, मैं राज्य सरकार, आरबीआई, नाबार्ड, बैंको और वित्तीय संस्थानों को राज्य में विकास की प्रक्रिया के उद्देश्यों को प्राप्त करने की दिशा में समन्वय स्थापित करने के लिए धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

तत्पश्चात संयोजक, एसएलबीसी ने **श्री जयदीप श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड** को सदन के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया।

उन्होने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में आयोजित स्टेट क्रेडिट सेमिनार 2021-22 में नाबार्ड द्वारा वर्ष 2021-22 हेतु स्टेट फोकस पेपर लॉच किया गया जिसके तहत क्रेडिट पोटेंशियल रु. 2.33 लाख करोड़ है जो कि वर्तमान वर्ष के पीएलपी अनुमान से 10% से अधिक की वृद्धि दर्शाता है। बैंकों के माध्यम से कृषि एवं अन्य गतिविधियों (allied activities) को सावधि ऋण प्रदान किए जाने की आवश्यकता है। फाइनेंसिंग इंटीग्रेटेड फार्मिंग स्कीम्स, एरिया बेस्ड स्कीम्स और अन्य निवेश गतिविधियाँ जैसे डेयरी / गोडाउन / हाइटेक एग्रीकल्चर एंड एग्रो प्रोसेसिंग प्रोजेक्ट्स, एफपीओ, माइक्रो फूड एंटरप्राइजेज आदि गतिविधियों हेतु बैंकों द्वारा ऋण प्रदान किया जावे।

मौजूदा पुनर्वित्त योजनाओं के तहत इन क्षेत्रों को वित्तपोषण के लिए बैंकों का समर्थन करने के लिए नाबार्ड द्वारा वाटरशेड और वाडी क्षेत्रों में जीएलसी विशेष पुनर्वित्त योजनाओं, डब्ल्यूएएसएच (WASH) परियोजनाओं और माइक्रो खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों को बढ़ावा दिया गया, पैक्स को मल्टी सर्विस सेंटर बनाने की घोषणा की गई है। हाल ही में, कृषि में ग्रामीण युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए एक पायलट परियोजना शुरू करने का निर्णय लिया गया है। इस परियोजना को शुरू करने के लिए एक आकांक्षात्मक जिले (aspirational district) का चयन किया जाएगा। परियोजना जिले के प्रारंभिक चरणों हेतु विभिन्न गतिविधियों के लिए ऋण की आवश्यकता होगी। इस पायलट प्रोजेक्ट को सफल बनाने के लिए सभी बैंकरों का सहयोग अपेक्षित है।

उन्होने बताया कि चालू वर्ष के दौरान, राज्य में सभी तीन कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा 90 नये एफपीओ को बढ़ावा दिया जाएगा जिसके लिए बैंकों को सहयोग प्रदान करने हेतु अनुरोध किया। साथ ही उन्होने बताया की राज्य के 2.95 लाख JLG के वित्त पोषण कों प्रोत्साहित करने का जो लक्ष्य रखा गया है उनमे से 93,044 JLG को सितंबर 2020 तक प्रोत्साहित किया गया है। उन्होने सभी बैंकों से विशेष रूप से सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, आरआरबी द्वारा जेएलजी के कुशल प्रचार के लिए कदम उठाने हेतु आग्रह किया।

श्री अरुण कुमार सिंह क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने संबोधन में एसएलबीसी कार्यालय, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों में सरकार के सभी अधिकारियों और कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया जिन्होने COVID-19 के दौरान कड़ी मेहनत की और आवश्यक बैंकिंग और वित्तीय कार्यों को सफलतापूर्वक निष्पादित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा कर वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित की।

उन्होने बताया कि कृषि ऋण खातों में प्रति खाते बकाया ऋण राशि में वृद्धि कर एवं कृषि ऋणों के end use की निगरानी कर कृषि क्षेत्र की आवश्यकताओं को बैंकों द्वारा पूरा किया जा सकता है जिससे कृषि पर निर्भर आबादी का जीवन स्तर सुधारा जा सके।

दूसरी तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़े के अनुसार अर्थव्यवस्था में इस महामारी के कारण जो गिरावट का दौर आया है वो अब सुधार की दिशा में अग्रसर है । मौजूदा इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम को 31 मार्च, 2021 तक बढ़ा दिया गया है। राज्य में MSME पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने के लिए, राजस्थान सरकार ने भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं। SIDBI इस व्यवस्था के तहत, भीलवाड़ा में कपड़ा और जोधपुर में हस्तशिल्प जैसे क्लस्टर आधारित क्षेत्रों की सहायता के लिए एक परियोजना प्रबंधन इकाई (PMU) की स्थापना करेगी।

भारतीय रिज़र्व बैंक ने व्यापक रूप से उभरती हुई राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ संरेखित करने के लिए प्राथमिकता क्षेत्र ऋण (PSL) दिशानिर्देशों की व्यापक रूप से समीक्षा कर समावेशी विकास पर ज़ोर दिया है, जो सतत विकास लक्ष्यों (SDG) को प्राप्त करने में मदद करेगा।

उन्होने बताया कि COVID-19 के वर्तमान चुनौतीपूर्ण समय में BCs की भूमिका और अधिक प्रमुख हो गई है, जिसमें BCs समाज के कमजोर वर्ग की जरूरतों को पूरा करने में काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। बैंकों को अपने बीसी नेटवर्क को मजबूत करने के लिए पहल करनी चाहिए, बीसी को विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से समय समय पर प्रशिक्षण प्रदान किए जाने चाहिए।

यूनिवर्सल एक्सेस टू फाइनेंशियल सर्विसेज लक्ष्य के तहत 31 मार्च, 2020 तक पहाड़ी क्षेत्रों में 500 घरों के 5 कि.मी. परिधि के भीतर प्रत्येक गांव में बैंकिंग सुविधा प्रदान करने के लिए एक लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसके लिए समय सीमा 31 दिसंबर, 2020 तक बढ़ा दी गई है। राजस्थान राज्य में 61 गांवों को अभी तक कवर नहीं किया गया है जिनमें से अधिकांश एसबीआई को आवंटित हैं। उन्होने एसबीआई को निर्देश प्रदान करे कि वह इस संबंध में विशेष रूप से ध्यान दें और यह सुनिश्चित करें कि राज्य में यूनिवर्सल फाइनेंशियल एक्सेस का लक्ष्य पूरा हो।

वित्तीय साक्षरता देश में वित्तीय समावेशन को प्राप्त करने के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है और वित्तीय समावेशन की गति को तेज करता है क्योंकि यह आम आदमी को बैंकों द्वारा उपलब्ध करवाए जा रहे उत्पादों और सेवाओं की जरूरतों और लाभों को समझने में सक्षम बनाता है। समाज के सभी वर्गों को एक या दूसरे रूप में वित्तीय साक्षरता की आवश्यकता है।

वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने और ग्राहकों को जागरूक करने के लिए, RBI द्वारा 2017 में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चुनिंदा बैंकों और गैर-सरकारी संगठनों के माध्यम से वित्तीय साक्षरता केंद्र (CFL) के की स्थापना की गई जिसके प्रथम चरण में 2017 में 80 ब्लॉक में और उसके बाद 20 ब्लॉक शामिल किए गए। इस कदम को आगे ले जाते हुए मार्च 2024 तक चरणबद्ध तरीके से देश के हर ब्लॉक में पहचाने का लक्ष्य है । वर्तमान में 100 ब्लॉक से सीएफएल की पहुंच का विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। हमारे

राज्य में, बांसवाड़ा और डूंगरपुर जिलों के 10 आदिवासी ब्लॉक पायलट प्रोजेक्ट के लिए चिन्हित किए गए है और अब राज्य भर के 25 जिलों में 174 ब्लॉकों को चिन्हित किया गया है ।

राजस्थान राज्य में, करौली जिले की पहचान 100% डिजिटलाइजेशन के लिए की गई है और 30 नवंबर, 2020 तक जिले ने 81.86% का डिजिटल संतृप्ति स्तर हासिल कर लिया है। 100% डिजिटलकरण प्राप्त करने की समय सीमा 31 मार्च, 2021 तक बढ़ा दी गई है। शेष रहे लक्ष्य की प्राप्ति के लिए बहुत अधिक ठोस प्रयास किए जाने की आवश्यकता बताई।

श्री अशोक कुमार डोगरा, निदेशक, वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने राजस्थान में बैंकिंग क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होने भारतीय स्टेट बैंक को आवंटित गाँव जिन्हे अभी तक कवर नहीं किया गया है, उन्हे जल्द से जल्द बीसी के माध्यम से कवर किए जाने हेतु अनुरोध किया। उक्त क्षेत्रों के पंचायत भवन में भी बीसी के लिए कनेक्टिविटी की सुविधा के साथ बैठने का स्थान उपलब्ध करवाया जा सकता है। PMSBY एवं PMJJBY के तहत दर्ज़ लंबित क्लेम का निस्तारण जल्द से जल्द किए जाने हेतु भी अनुरोध किया। उन्होने स्टैंड अप इंडिया योजना के तहत प्रगति काफी कम होने पर चिंता व्यक्त की एवं बैंकों से अनुरोध किया कि उक्त योजनान्तर्गत प्रगति को बढ़ाया जावे।

तत्पश्चात संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने **श्री कुंजीलाल मीना, प्रमुख शासन सचिव, कृषि एवं उद्यानिकी, राजस्थान सरकार** को सदन के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया।

श्री कुंजीलाल मीना, प्रमुख शासन सचिव, कृषि एवं उद्यानिकी, राजस्थान सरकार ने बैठक को संबोधित करते हुए निम्न बिन्दुओं पर कार्यवाही करने हेतु सूचित किया:-

- वार्षिक साख योजना के तहत कृषि क्षेत्र को आवंटित लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु बैंकों द्वारा प्रयासों में तेजी लायी जावे जिससे मार्च, 2021 तक लक्ष्य प्राप्ति की जा सके।
- राजस्थान सरकार की Agro- processing Policy 2019 के तहत 300 आवेदन प्राप्त हुए हैं। उक्त योजना का प्रचार प्रसार करने हेतु बैंकों से अनुरोध किया।
- केसीसी संतृप्ति अभियान के तहत केसीसी हेतु पात्र पशुपालकों एवं मत्स्य पालकों कों प्रदान किए जाने वाले ऋणों की प्रगति काफी धीमी होने पर चिंता व्यक्त की।
- भारतीय स्टेट बैंक की ओसियां शाखा जिला जोधपुर द्वारा पीएमएफ़बीवाई के तहत प्रीमियम का पैसा समय पर जमा नहीं करने के कारण फसल बीमा क्लेम किसानो को नहीं मिला है। इस वजह से किसानों को हुए नुकसान की भरपाई करने के निर्देश एसबीआई को दिये गए हैं, लेकिन आज दिनांक तक उक्त किसानों को भुगतान नहीं किया गया है। उन्होने एसबीआई द्वारा लापरवाही पूर्ण रवैया अपनाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की एवं उक्त मुद्दे को शीघ्रातिशीघ्र निस्तारित करने का निर्देश प्रदान किया।

संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान ने राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के बैठक के अध्यक्ष महोदय की अनुमति से श्री सी.पी. अग्रवाल, सहायक महाप्रबन्धक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान से बैठक के विभिन्न कार्यवाही बिन्दुओं पर प्रस्तुतीकरण आरंभ करने के निर्देश प्रदान किए.

श्री सी.पी. अग्रवाल, सहायक महाप्रबन्धक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान ने सर्वप्रथम समिति के अध्यक्ष, मंचासीन गणमान्य सदस्यों एवं उपस्थित अन्य सभी सदस्यों का अभिवादन करते हुए अध्यक्ष महोदय की अनुमति पश्चात उन्होने बैठक के विभिन्न कार्यवाही बिन्दुओं पर प्रस्तुतीकरण आरंभ किया:

एजेण्डा क्रमांक -1 (1.1) विगत **146**वीं बैठक के कार्यवृत्त की सदन द्वारा पुष्टि की गयी.

एजेण्डा क्रमांक - 2

Revamp of Lead Bank Scheme

सहायक महाप्रबन्धक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी अग्रणी बैंक योजनाओं के सुधार (Revamp) हेतु दिशा-निर्देश जारी किए गए है. भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा लीड बैंक स्कीम में सुधारों के लिए दिए गए सुझावों की अनुपालना हेतु समस्त नियंत्रक सदस्यों से अनुरोध है जिसमें से मुख्य कार्यवाही बिन्दु निम्नानुसार हैं:

- राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की त्रैमासिक बैठक नीतिगत मुद्दों पर ही चर्चा करने के लिए केन्द्रित होगी एवं उक्त बैठक में बैंकों/ विभिन्न सरकारी विभागों के केवल राज्य प्रमुख अथवा उसके समकक्ष वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा ही सहभागिता की जावेगी.
- नियमित मुद्दों पर चर्चा राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की विभिन्न उप समितियों की बैठक में की जाएगी.
- राज्य की समस्त बैंक शाखाओं/क्षेत्रीय/प्रशासनिक कार्यालय के व्यावसायिक लक्ष्य वार्षिक साख योजना (ACP) के साथ संरेखित (align) कर निर्धारित किए जाने चाहिए.

(कार्यवाही : समस्त सदस्य बैंक, राजस्थान)

- अग्रणी जिला प्रबन्धक की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए अपेक्षित कौशलयुक्त अधिकारियों को नियुक्त किया जाना चाहिए.
- अग्रणी जिला कार्यालय हेतु अलग कार्यालय स्थान एवं एलडीएम द्वारा अपनी मुख्य जिम्मेदारियों के निर्वहन हेतु बुनियादी आवश्यकताएँ जैसे कंप्यूटर, प्रिन्टर एवं डेटा कनेक्टिविटी की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए.
- साथ ही एलडीएम को अलग से एक वाहन भी उपलब्ध करवाया जाना चाहिए.
- एलडीएम कार्यालय में डेटा प्रविष्टि/ विश्लेषण हेतु कर्मचारी की कमी के कारण कार्य में बाधा उत्पन्न होती है. अतः एलडीएम को कुशल कम्प्यूटर ऑपरेटर की सेवाएँ उपलब्ध करवाने के लिए बैंकों के प्रशासनिक कार्यालय को ज़िम्मेदारी लेनी चाहिए.

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की विभिन्न उपसमितियों के आयोजन किया गया जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

उपसमिति	बैठक की दिनांक
1. वित्तीय समावेशन	05.11.2020
2. डिजिटल भुगतान	05.11.2020
3. एमएसएमई एवं निर्यात संवर्धन	18.11.2020
4. कृषि योजनाओं से संबन्धित तथा फसल की अवधि निर्धारण	20.11.2020
5. एसएचजी/जेएलजी/एफ़पीओ	03.12.2020
6. केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित योजना	03.12.2020
7. एसएलबीसी वेबसाइट पर डेटा प्रवाह के लिए मानकीकृत प्रणाली का विकास	11.12.2020
8. बकाया ऋण वसूली	To Be Held Soon

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान की 147वीं बैठक के कार्यबिन्दु तैयार करने हेतु स्टियरिंग समिति की 11वीं बैठक दिनांक 18.12.2020 को आयोजित की गयी।

एजेण्डा क्रमांक - 3

Key Business Parameters

सहायक महाप्रबन्धक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान ने बताया कि 30 सितंबर, 2020 तक राज्य में कुल 8,189 बैंक शाखाएँ कार्यरत हैं. वित्तीय वर्ष 2020-21 में सितंबर तिमाही तक बैंकों द्वारा कुल 52 शाखाएं खोली गयी हैं। अन्य संबन्धित आंकड़े निम्नानुसार सदन के समक्ष प्रस्तुत किए :

जमाएँ व अग्रिम: 30 सितंबर, 2020 को राज्य में वर्ष दर वर्ष वृद्धि 12.13% के साथ कुल जमाएँ राशि रू 4,68,622 करोड़ तथा कुल अग्रिम वर्ष दर वर्ष वृद्धि 10.73% के साथ कुल ऋण राशि रूपये 3,74,504 करोड़ रहे हैं। जमाओं में वाणिज्यिक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, सहकारी बैंकों एवं स्माल फाइनेंस बैंक की वर्ष दर वर्ष वृद्धि क्रमशः 12.32%, 12.19%, -1.46% एवं 40.12% रही है तथा अग्रिमों में वाणिज्यिक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, सहकारी बैंक स्माल फाइनेंस एवं वर्ष दर वर्ष वृद्धि क्रमशः 9.80%, 13.50%, 42.76% एवं 6.23% रही है. राज्य का साख जमा अनुपात 81.87% रहा है जो भारतीय रिजर्व बैंक के बेंचमार्क के सापेक्ष संतोषजनक है ।

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को प्रदत्त ऋण: 30 सितंबर, 2020 को राज्य में वर्ष दर वर्ष वृद्धि 10.04% के साथ प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को प्रदत्त ऋण राशि रू 2,41,799 करोड़ रहा है.

कृषि क्षेत्र को प्रदत्त ऋण: 30 सितंबर, 2020 को राज्य में वर्ष दर वर्ष वृद्धि 10.13% के साथ कृषि क्षेत्र को प्रदत्त ऋण रूपये 1,13,502 करोड़ रहा है.

सूक्ष्म व लघु उद्यम एवं अन्य प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ऋण: 30 सितंबर, 2020 को राज्य में वर्ष दर वर्ष वृद्धि 12.70% के साथ सूक्ष्म व लघु उपक्रम एवं अन्य प्राथमिकता क्षेत्र को प्रदत्त ऋण राशि रूपये 89,329 करोड़ रहा है।

कमजोर वर्ग को ऋण: 30 सितंबर, 2020 को राज्य में वर्ष दर वर्ष वृद्धि 2.38% के साथ कमजोर वर्ग को प्रदत्त ऋण राशि रूपये 75,426 करोड़ रहा है।

अल्पसंख्यक समुदाय को ऋण: 30 सितंबर, 2020 को राज्य में वर्ष दर वर्ष वृद्धि 1.62% के साथ अल्पसंख्यक समुदाय को प्रदत्त ऋण रूपये 16,102 करोड़ रहा है।

राज्य में **कुल अग्रिमों में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र** के अग्रिम 64.57%, कृषि क्षेत्र को 30.31%, एमएसएमई को 23.85%, कमजोर वर्ग को 20.14%, लघु एवं सूक्ष्म कृषकों को 15.22% तथा सूक्ष्म उपक्रमों को 11.84% रहा है।

राजस्थान के नजदीकी राज्य उत्तर प्रदेश एवं हरियाणा के 30 सितंबर, 2020 के साख जमा अनुपात (CD Ratio) के तुलनात्मक आंकड़े प्रस्तुत किये.

संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान ने बेंचमार्क के सापेक्ष उपलब्धि एवं अन्य राज्यों की उपलबधि से राजस्थान राज्य की प्रगति के तुलनात्मक आंकड़ों पर संतोष व्यक्त किया।

एजेण्डा क्रमांक - 4

Unbanked Rural Centers (URC)

सहायक महाप्रबन्धक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान ने बताया कि वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 119 बैंकरहित गांवों की सूची दिनांक 15.07.2020 को प्रेषित की गयी। शेष रहे 60 गांवों में से अधिकतर बार्डर क्षेत्र पर स्थित गाँव हैं जहां पर सुरक्षा कारणों से बीसी का चयन नहीं किया जा पा रहा है।

महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक ने बताया कि उक्त आवंटित गांवों में से 18 गांवों में बैंक मित्र लगाए जा चुके हैं तथा शेष गाँव बार्डर क्षेत्र में होने के कारण बीसी लगाने में छूट प्रदान करने हेतु जिला कलेक्टर से लिखित में अनुमोदन प्राप्त होते ही एसएलबीसी को सूचित कर दिया जावेगा।

प्रतिनिधि, आरएमजीबी ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक को आवंटित जैसलमेर जिले के गांवों में उनके बैंक की मोबाइल वैन के माध्यम से बैंकिंग सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान ने बताया कि एसएलबीसी द्वारा जैसलमेर के अग्रणी जिला प्रबन्धक को निर्देशित किया गया है कि आरएमजीबी की वैन के माध्यम से बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध करवाए जाने एवं आईपीपीबी के 5 किमी से अधिक गांवों में बैंकिंग सुविधा वाले प्रकरण पर डीएलसीसी/डीएलआरसी में चर्चा कर अथवा जिला प्रशासन से अलग से इस प्रकरण प्रस्तुत कर इसको निस्तारण करावें ताकि वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार को अवगत करवाया जा सके।

अध्यक्ष, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान ने बताया कि करीबी शाखा की दूरी 50 कि.मी. होने के कारण बीसी के लिए कार्य करना व्यवहार्य नहीं हो पा रहा है । अतः मोबाइल वैन के माध्यम से बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध करवाया जाना बेहतर समाधान है। उक्त प्रकरण जिला प्रशासन से समन्वय करते हुए अतिशीघ्र निस्तारण करने हेतु भारतीय स्टेट बैंक एवं अग्रणी जिला प्रबन्धक, जैसलमेर को निर्देशित किया।

(कार्यवाही : भारतीय स्टेट बैंक एवं अग्रणी जिला प्रबन्धक, जैसलमेर)

<u>District Level Implementation Committee for the Targeted Financial Inclusion Intervention Programme (TFIIP) within the overall Aspirational Districts Programme (ADP) of NITI Aayog:</u>

सहायक महाप्रबंधक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने बताया कि आशान्वित जिलों (Aspirational Districts) में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय भारत सरकार ने दिनांक 13.07.2020 से Aspirational Districts Programme (ADP) के तहत में चयनित आशान्वित जिलों में Targeted Financial Inclusion Intervention Programme (TFIIP) चलाया है। उक्त TFIIP अभियान राजस्थान में बारां एवं जैसलमेर जिले में चिन्हित किया गया है।

दोनों आशान्वित जिलों (Aspiration Districts) की पहली DLIC बैठक निम्नानुसार आयोजित की गई:

- बारां - 06.08.2020, 20.08.2020, 10.09.2020, 08.10.2020, 12.11.2020 एवं 17.12.2020
- जैसलमेर - 19.08.2020

आशान्वित जिलों में Key Parameters की प्रगति की समीक्षा हेतु SLIC के गठन की सूचना एसएलबीसी के पत्रांक JZ:SLBC:2020-21:765 दिनांक 17.10.2020 के माध्यम से समस्त हितग्राहियों को प्रेषित की गयी, जिसकी बैठक जल्द ही आयोजित की जावेगी।

संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान ने भारतीय स्टेट बैंक से अनुरोध किया कि अग्रणी जिला प्रबन्धक, जैसलमेर को निर्देश प्रदान करें कि पाक्षिक आधार पर DLIC बैठक आयोजित करना सुनिश्चित करें ।

(कार्यवाही : भारतीय स्टेट बैंक एवं अग्रणी जिला प्रबन्धक, जैसलमेर)

<u>सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ</u>

सहायक महाप्रबंधक, एसएलबीसी ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा योजनाओं यथा PMSBY, PMJJBY, APY के तहत दिनांक 30.09.2020 तक क्रमशः 9105798, 2888778 एवं 1112449 नामांकन किए गए।

अटल पेंशन के अंतर्गत शाखाओं की संख्या के आधार पर बैंकों को वर्गवार लक्ष्य आवंटित किए गए हैं. जिसका विवरण निम्नानुसार है :

	Type of Bank	Name of Banks	No. of Branches	Target (Per Branch)	Total Target	Ach. Up to 30.11.2020	% Ach.
Atal Pension Yojana: DFS, MoF, GoI, vide their letter no. file no. 16/7/2015-PR (PT) dated 01.06.2020 and PFRDA vide e-mail dated 02.06.2020 had informed target for the F.Y.2020-21 based on the number of branches of each bank	PSB		4194	60	251640	141391	56.19
	Private	HDFC, Axis, ICICI and IDBI	921	60	55260	5175	9.36
		Other Private Banks	576	30	17280	698	4.04
	RRB		1553	50	77650	55474	71.44
	Co-Op.		460	20	9200	1	0.01
	Small Finance Bank		305	50	15250	948	6.22
	State as a Whole		8009	270	426280	203687	47.78
	* Data received from PFRDA						

राज्य में कुल 4,26,280 नामांकन के लक्ष्य के सापेक्ष दिनांक 30.11.2020 तक 203687 नामांकन की उपलब्धि है जो कि 47.78% रही है, जो कि बहुत ही चिंतनीय है।

पिछले एक वर्ष से ज्यादा समय से निरंतर अनुवर्तन की कार्यवाही के पश्चात भी निम्न बैंकों की सितम्बर - 2020 तक की प्रगति बेहद चिंतनीय है:

राजस्थान राज्य सहकारी बैंक - 0 (0.00%)
एयू स्माल फाइनेंस बैंक - 06 (0.04%)
आईसीआईसीआई बैंक - 203 (0.69%)
एचडीएफसी बैंक - 189 (01.58%)

(कार्यवाही: राजस्थान राज्य सहकारी बैंक एवं स्माल फाइनेंस बैंक)

प्रतिनिधि, राजस्थान राज्य सहकारी बैंक ने बताया कि तकनीकी समस्या को दूर किया जा चुका है एवं आगामी तिमाही में उक्त योजनांतर्गत प्रगति किए जाने का आश्वासन प्रदान किया।

(कार्यवाही: राजस्थान राज्य सहकारी बैंक, राजस्थान)

प्रतिनिधि, आईसीआईसीआई बैंक ने बताया कि उनके बैंक द्वारा नवंबर एवं दिसंबर माह में अटल पेंशन योजना के तहत क्रमशः 1,739 एवं 1200 नामांकन नामांकन किए गए हैं। आगामी तिमाही अच्छी प्रगति होने के लिए सदन को आश्वस्त किया ।

Identification of one Digital District-

सहायक महाप्रबंधक, एसएलबीसी ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार राजस्थान राज्य के महत्वाकांशी जिलों में से एक जिला करौली को 100% डिजिटल बनाने हेतु चिन्हित किया गया है। जिसकी

समय सीमा कोविड-19 महामारी के फैलाव के कारण मार्च 2021 तक विस्तारित की गयी है। 100% डिजिटल की करौली एवं राज्य की प्रगति निम्नानुसार है :

Progress of 100 % Digital District - Karauli - Comparision from March 2020 to Nov 2020

Sr. No.	Months	1. Digital coverage for individuals (Savings Accounts)					Digital coverage for business (Current Accounts)				For non-customers	Digital Financial Literacy	
		Total No. of Operative SB Accounts	% Debit/ RuPay cards coverage	% Net banking coverage	% of MB/ UPI/ USSD coverage	Total No. of Operative SB Accoutns covered with at lease one of the facilities - Debit/ RuPay cards, net banking, mobile banking, UPI, USSD	Total No. of Operative CA Accounts	% Net Banking Coverage	% of POS/ QR coverage	Total No. of Operative Current Accounts covered with at least one of	Total POS/ QR (A+B+C) other than CA holders	No. of FLC camps on Digital FL	No. of people participated
1	Mar-20	1453457	67.29	8.25	20.58	68.56	12094	20.37	23.26	-	192	268	10694
2	Jun-20	1416087	75.62	8.84	23.51	77.03	12617	28.58	29.21	-	278	102	2003
3	Sep-20	1452738	76.92	9.38	24.34	78.72	13618	35.89	31.16	58.53	355	344	11906
4	Nov-20	1469101	80.02	9.97	25.49	81.86	13660	41.87	37.55	68.84	480	689	13303

Progress of 100 % Digital State - Rajasthan - Comparision from March 2020 to Sept 2020

Sr. No.	Months	1. Digital coverage for individuals (Savings Accounts)					Digital coverage for business (Current Accounts)				For non-customers	Digital Financial Literacy	
		Total No. of Operative SB Accounts	% Debit/ RuPay cards coverage	% Net banking coverage	% of MB/ UPI/ USSD coverage	Total No. of Operative SB Accoutns covered with at lease one of the facilities - Debit/ RuPay cards, net banking, mobile banking, UPI, USSD	Total No. of Operative CA Accounts	% Net banking Coverage	% of POS/ QR coverage	Total No. of Operative Current Accounts covered with at least one of digital modes of payments - Net	Total POS/ QR (A+B+C) other than CA holders	No. of FLC camps on Digital FL	No. of people participated
1	Mar-20	72023952	58.51	9.61	15.39	63.26	1598321	33.73	8.66	-	87362	4785	191175
2	Jun-20	76521335	60.76	10.82	16.17	64.17	1608216	34.02	9.39	-	97220	183	3263
3	Sep-20	77186217	63.98	11.97	16.85	65.65	1850198	37.22	8.91	37.94	114433	1588	68604

अध्यक्ष, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान ने सभी बैंकों को निर्देश प्रदान किए कि मार्च 2021 से पूर्व जिला करौली को 100% डिजिटल बनाने के लिए सुगठित योजना का क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें । साथ ही राज्य को 100% डिजिटल बनाने के लिए कार्यवाही सुनिश्चित करें ।

(कार्यवाही : समस्त सदस्य बैंक, राजस्थान)

<u>एजेण्डा क्रमांक - 5</u>

वार्षिक साख योजना के तहत प्रगति:

सहायक महाप्रबंधक, एसएलबीसी ने बताया कि वार्षिक साख योजनांतर्गत वर्ष 2020-21 के लिए निर्धारित लक्ष्यों (वार्षिक) राशि रू 1,89,281 करोड़ के सापेक्ष कुल प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में सितंबर, 2020 तिमाही तक राशि रू 85,666 करोड़ उपलब्धि रही है जो कि 45.26% उपलब्धि है. कृषि में 45.62%, सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम क्षेत्र में 54.36% एवं अन्य प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में 13.83% की उपलब्धि दर्ज की गई है। वार्षिक साख योजनांतर्गत वर्ष 2020-21 के निर्धारित लक्ष्यों (वार्षिक) के सापेक्ष सितंबर, 2020 तिमाही तिमाही तक वाणिज्यिक बैंकों ने 45.93%, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों ने 57.83%, सहकारी बैंक ने 35.77%, स्माल फ़ाइनेंस बैंकों ने 14.94% की उपलब्धि दर्ज की है।

उन्होने बताया कि वार्षिक साख योजना के तहत राज्य के औसत से कम उपलब्धि वाले बैंक यथा राजस्थान राज्य भूमि विकास बैंक (11.73%), एयू स्माल फ़ाईनेन्स बैंक (13.69%), पंजाब एंड सिंध बैंक (19.71%),

बैंक ऑफ महाराष्ट्र (19.72%), इंडियन बैंक (20.76%), इंडियन ओवरसीज़ बैंक (21.98%), यस बैंक (25.15%), सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया (27.21%), आईडीबीआई बैंक (28.11%) एवं इंडसइंड बैंक (28.51%) है। उक्त बैंकों को लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने के लिए समस्त बैंकों से अनुरोध किया.

(कार्यवाही : समस्त सदस्य बैंक, राजस्थान)

अध्यक्ष, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित बेंचमार्क को प्राप्त करने हेतु समस्त बैंकों द्वारा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ऋण प्रदान किया जाना महत्वपूर्ण है। अतः उक्त बैंकों को राज्य में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को अधिकाधिक ऋण प्रदान करने के प्रयास किए जाने चाहिए। सभी बैंकों के समन्वित प्रयासों से ही वार्षिक साख योजना के तहत आवंटित लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है ।

(कार्यवाही : समस्त संबन्धित सदस्य बैंक, राजस्थान)

<u>राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM)</u>

सहायक महाप्रबंधक, एसएलबीसी ने बताया कि एनआरएलएम योजनांतर्गत दिनांक 10.12.2020 तक राज्य में 434 क्लस्टर लेवल फेडरेशन (CLF) एवं 11,923 ग्राम संगठन (VO) कार्यरत है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) के तहत वर्ष 2020-21 के 67,470 एसएचजी वित्त पोषित करने के लक्ष्य के सापेक्ष 38,431 एसएचजी वित्त पोषित किए गए है जो कि 56.96% उपलब्धि है।

सुश्री सुचि त्यागी, स्टेट मिशन डाइरेक्टर, राजीविका विभाग, राजस्थान सरकार ने बताया कि एनआरएलएम योजनांतर्गत बैंक ऑफ बड़ौदा, बीआरकेजीबी एवं सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है एवं उन्होने इस तरह प्रगति को निरंतर जारी करने के लिए समस्त बैंकों को निर्देश प्रदान किए । अन्य बैंकों की प्रगति की नियमित समीक्षा करने के लिए उन्होने एसएलबीसी से अनुरोध किया। उन्होने निम्नलिखित बिन्दुओ पर समस्त बैंकों से कार्यवाही के निर्देश प्रदान किए :

- वर्ष 2020-21 में प्रति स्वयं सहायता समूह का राज्य में औसत ऋण राशि राष्ट्रीय औसत रु. 1.08 लाख से काफी कम है जिसे बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। जिला बीकानेर, धौलपुर, प्रतापगढ़ में औसत ऋण राशि रु. 1 लाख से कम है।

- कुछ बैंक शाखाओं द्वारा एनआरएलएम योजनांतर्गत ऋण प्रदान नहीं किए जा रहे है उनके ज्ञानवर्धन के लिए राजीविका, राजस्थान सरकार द्वारा शाखा प्रबन्धकों के लिए कार्यशाला आयोजित करने का सुझाव दिया एवं नियंत्रक, सदस्य बैंकों को उन शाखा प्रबन्धकों को उक्त कार्यशाला सहभागिता के लिए निर्देशित करने के लिए अनुरोध किया ।

- उन्होने बताया कि एनआरएलएम के तहत वित्तपोषित एसएचजी का NPA 2% से नीचे है एवं अन्य योजनाओं में वित्तपोषित एसएचजी को सममिललित करते हुए 4.68% एनपीए है जो कि बहुत अधिक

है । अन्य योजनाओं के तहत वित्त पोषित NPA एसएचजी का विवरण जिले के DPM को प्रेषित करने हेतु शाखाओं को निर्देशित करें ताकि एनआरएलएम प्रतिनिधियों द्वारा एसएचजी के एनपीए की वसूली के लिए बैंकों का सहयोग प्रदान कर सके।

(कार्यवाही : समस्त सदस्य बैंक)

- एनआरएलएम योजना के तहत प्रगति के लिए पंजाब नेशनल बैंक, आरएमजीबी एवं भारतीय स्टेट बैंक द्वारा और अधिक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है।

